आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 15.06.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना में 7 लोगों की मृत्यु। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य पूरा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में हेली सेवाओं के संबंध में एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।
- प्रदेश में हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापना की जाएगी।
- चारधाम यात्रियों की सुरक्षा और खराब मौसम को देखते हुए सोमवार तक के लिए हेली सेवा को स्थगित किया गया।
- और.... मौसम विभाग ने 19 जून तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

केदारनाथ दुर्घटना

रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा एक हेलीकॉप्टर आज सुबह गौरीकुंड खर्क की पहाड़ियों पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह श्रद्धालु और एक पायलट समेत कुल सात लोगों की मृत्यु हो गई। रुद्रप्रयाग से हमारे संवाददाता ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर पूरी तरह जल गया है और सभी शव बरामद कर लिए गए हैं।

उच्चस्तरिय बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में हेली सेवाओं के सम्बन्ध में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य में हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन 'कमांड एंड कोऑर्डिनेशन सेंटर' स्थापित करने के निर्देश दिए, जिसमें डीजीसीए, आपदा विभाग, नागरिक उड्डयन, यूकाडा, हेली ऑपरेटर कंपनी के अधिकारी तैनात रहेंगे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि चार धाम के लिए हेली सेवा सोमवार तक पूरी तरह बंद रहेगी। चार धाम यात्रा में लगे सभी हेली ऑपरेटरों और पायलटों के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में उड़ान के अनुभवों की जांच की जाएगी।

केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में केवल दीर्घकालीन अनुभव वाले पायलटों को ही हेली उड़ाने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने डीजीसीए द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों को और अधिक सख्त बनाने के साथ ही उसका शत–प्रतिशत क्रियान्वयन करने पर बल दिया।

'रन फॉर योगा'

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज देहरादून में 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी से आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन योग सभ्यता को जन–जन तक पहुंचाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उत्तराखंड को योग, आयुष और आध्यात्म की भूमि बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य को योग और वेलनेस टूरिज्म का ग्लोबल हब बनाने पर काम कर रही है। सरकार ने हाल ही में नई योग नीति को मंजूरी दी है। जिसके तहत राज्य में योग और ध्यान केंद्र विकसित करने के लिए 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है।

## सुंदरढुंगा दर्रा

वाइल्ड फिल्म्स इंडिया के पर्वतारोहियों के एक दल ने बागेश्वर जिले में 5 हजार 6 सौ 54 मीटर की ऊंचाई पर स्थित सुंदरढुंगा दर्रे को सफलतापूर्वक आरोहण किया। इस दल ने यह अभियान छह दिन में पूरा किया। वर्ष 1934 में प्रसिद्ध पर्वतारोही शिप्टन और टिलमैन सबसे पहले इस दर्रे पर पहुंचे थे। उसके बाद यह दल 91 साल बाद इस दर्रे पर पहुंचने में सफल हुआ है। पर्वतारोही उत्कर्ष ने बताया कि इस दर्रे से उन्हें नंदा देवी अभ्यारण्य, सुखराम घाटी और पिंडारी घाटी के अद्‌भुत और दुर्लभ दृश्य देखने को मिले।

## ग्वाड़ीगाड़ मत्स्य ग्राम

पौड़ी जिले के पाबौ ब्लॉक का एक छोटा–सा गांव ग्वाड़ीगाड़ आज पूरे क्षेत्र में मत्स्य ग्राम के नाम से जाना जाता है। गांव के छह किसानों ने मिलकर जो काम किया है, उससे न सिर्फ स्वरोजगार की नई राह खुली है, बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए प्रेरणादायी मिसाल भी बन गया है। गांव के किसान अब पारंपरिक खेती के साथ–साथ व्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन भी कर रहे हैं। ग्रामीण विपिन पंत बताते हैं कि उन्होंने साल 2022 में एक छोटे से तालाब से मछली पालन की शुरुआत की थी। शुरुआती सफलता के बाद उन्होंने मत्स्य विभाग की मदद से अपने काम का विस्तार किया और 20 तालाब बनवाए। इस दौरान श्री पंत ने गांव के अन्य युवाओं को भी प्रेरित कर गांव में 16 तालाब तैयार किये और सभी मिलकर अब व्यवस्थित मत्स्य पालन कर रहे हैं।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है।

राजधानी देहरादून समेत राज्य के अन्य हिस्सों में दोपहर तक हुई मूसलाधार बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने 19 जून तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

## कैंची धाम

विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में आज बाबा नीम करौली महाराज आश्रम में भव्य मेले का आयोजन चल रहा है। बाबा के दर्शन के लिए उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कैंची धाम पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने विशेष शटल सेवा की व्यवस्था की है।

प्रशासन की ओर से शटल सेवा हल्द्वानी रोडवेज बस स्टेशन, केमू स्टेशन और काठगोदाम रेलवे स्टेशन से संचालित की जा रही है। यह सेवा आज सुबह 4 बजे से शुरू कर दी गई थी, जो दिनभर जारी रही। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी. वाजपेयी, एआरटीओ मनीष कोठारी, काठगोदाम थाना प्रभारी पंकज जोशी सहित प्रशासन, परिवहन और पुलिस विभाग की टीमें लगातार मौके पर तैनात हैं।

प्रशासन की निगरानी और समन्वय के चलते श्रद्धालु शांतिपूर्वक बाबा के दर्शन कर पा रहे हैं और संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक उत्सव जैसा माहौल देखने को मिल रहा है।